शैक्षणिक गतिविधि की संक्षिप्त जानकारी

माह अगस्त तक

प्रिय अभिभावक–गण,

सेन्ट पीटेर्स विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए शासन द्वारा निर्देशित नियमानुसार ऑनलाईन अध्ययन का कार्य माह अप्रैल से किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत माननीय शिक्षकगण अपने–अपने विषय में अपना सर्वोत्तम कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं।

कक्षा 6वी से 10वी तक एवं 12वी कक्षा का पाठ्यक्रम बोर्ड एवं प्रबन्धन द्वारा दी निर्देशों के अनुसार विद्यार्थियों को दिया गया। समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करवाया गया। बच्चों को गृहकार्य दिया गया, कॉपी में कार्य पूर्ण करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया गया एवं गृहकार्य के अन्त में आपके हस्ताक्षर दिनांक सहित करवाने को कहा गया जिससे आपको भी ज्ञात हुआ कि बच्चा समय पर कार्य कर रहा है या नहीं।

अभी हाल ही में पीरीयोडिक – 1 टेस्ट हुआ इसकी तैयारी हेतु इससे पूर्व दो रीविजन टेस्ट भी लिए गए ताकि विद्यार्थी घर रहते हुए पूरी तैयारी कर सके एवं इसका लाभ भी बच्चों को मिला है।

माह सितम्बर में Terminal Exam-1 आयोजित होने जा रहा है, इसकी तैयारी हेतु सभी विषयों का Revision करवाया जावेगा, इस प्रकार शिक्षक एवं विद्यालय प्रबन्धन अपनी ओर से सर्वोत्तम देने हेतु प्रयास–रत है।

ऑनलाईन से संचालित इन गतिविधियों में विद्यार्थियों की सहभागिता से उपस्थिति दर्ज की जाएगी और इसे इन्टेरनल मार्कस प्रणाली में अहम योगदान माना जाएगा। आज की परिस्थिति में विद्यालय द्वारा इनका रिकार्ड रखी जा रहा है एवं शासन द्वारा माँगे जाने पर पस्तुत किया जाएगा।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विद्यालयों को शिक्षण–शुल्क लेने की अनुमति प्रदान की है। अतः अभिभावकों से निवेदन है कि आप जून, जुलाई और अगस्त माह का शिक्षण–शुल्क परीक्षा के पहले अवश्य जमा करें।

ध्यान रहें, परीक्षा सामग्री सिर्फ उन्हीं विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जिन्होंने शिक्षण–शुल्क समय पर जमा कर एडमिट कार्ड प्राप्त किया हो। शिक्षण–शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख **15-Sep-2020** होगी।

हम आपकी सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

द्वारा,

स्कूल प्रबन्धन